epaper
हिन्दुस्तान

विभिन्न मंत्रालयों के आंकड़ों के आधार पर जारी हुई रिपोर्ट

पीएलआई योजना से 64 लाख रोजगार मिलेंगे

14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई है पीएलआई योजना | 2.34 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा

22/04/2022

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। सरकार की प्रोत्साहन आधारित उत्पादन (पीएलआई) योजना रंग लाती दिख रही है। इसमें 14 क्षेत्रों से 2.34 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं जो उम्मीद से अधिक हैं। इससे अगले पांच साल में करीब 64 लाख नौकरियां मिलने की उम्मीद है।

विभिन्न मंत्रालयों के आंकड़ों के आधार पर जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। पीएलआई में खाद्य प्रसंस्करण और कपड़ा से लेकर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक समेत कई क्षेत्रों की कंपनियां इसमें हिस्सा ले रही हैं। शुरुआत में इसको लेकर कंपनियां उतनी उत्साहित नहीं थीं लेकिन सरकार की ओर से नीति और प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान करने के बाद पीएलआई योजना को लेकर उद्योग ज्यादा उत्साहजनक तरीके से इसमें हिस्सेदारी कर रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि पीएलआई को लेकर अभी शुरुआत हुई है और यदि सबकुछ सही रहा तो इसका रोजगार और उद्योग पर जो सकारात्मक असर होगा उसका अभी अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

क्या है पीएलआई: सरकार की ओर से पांच साल के लिए पीएलआई घरेलूमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने औरआयात में कटौती करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

अनुमान

कहां कितना निवेश

क्षेत्र निवेश

वाहन **54,000**

उन्नत बैटरी **45,000**

विशेष इस्पात **39,625**

सौर ऊर्जा **30,000**

कपड़ा **19000**

इलेक्ट्रॉनिक **11573**

खाद्य प्रसंस्करण **8212**

(निवेश राशि करोड़ रुपये में)

देसी कंपनियों को मिलेगी नई पहचान

एसर इंडिया के मुख्य कारोबार अधिकारी सुधीर गोयल का कहना है कि लैपटॉप और पीसी के क्षेत्र में पीएलआई देसी कंपनियों के लिए पासा पलटने वाला साबित हो सकता है। उनका कहना है कि नोएडा की डिक्सन टेक्नोलॉजी ने एसर के लिए उत्पाद बनाने का करार किया है। डिक्सन को यदि अन्य कंपनियों से भी ऑर्डर मिलते हैं तो वह वैश्विक स्तर के किफायती उत्पाद बनाने में सक्षम होगी।